Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding studying injustice to Indian medical students in Nepal.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): महोदय, मैं अररिया लोक सभा क्षेत्र बिहार से आता हूँ । मैं सबसे पहले आज माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय गृह मंत्री आदरणीय अमित शाह जी और सम्पूर्ण सरकार को बधाई देता हूँ कि हमारे देश में 5 और 6 तारीख इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखी जाएगी । जो काम आजादी के बाद से आज तक किसी ने नहीं किया, पूरे देश में आज खुशी का माहौल है । मैं अपने हृदय, आत्मा से उनको कोटि-कोटि बधाई देता हूँ, धन्यवाद देता हूँ ।

22.05 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ । मैं नेपाल बॉर्डर से आता हूँ । नेपाल में हमारे यहाँ के मेडिकल के विद्यार्थी हजारों की संख्या में पढ़ रहे हैं । मेरा क्षेत्र नेपाल बॉर्डर पर आता है, इसलिए नेपाल की हर गतिविधि मुझे मालूम पड़ती है ।

माननीय स्पीकर महोदय, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोल रहा हूं । मैं बताना चाहता हूं कि भारत के बच्चे जो मेडिकल के छात्र के रूप में नेपाल में हजारों की संख्या में पढ़ाई करने के लिए जाते हैं और नेपाल के भी छात्र हमारे यहां पढ़ने आते हैं ।

महोदय, नेपाल से हमारा संबंध बहुत अच्छा है । परन्तु, मुझे लगता है कि आजकल जो गतिविधि नेपाल में चल रही है, वर्ष 2011 में जिन बच्चों ने नेपाल मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया है, उनमें काठमांडू यूनिवर्सिटी के लगभग दस मेडिकल कॉलेजेज हैं । मेरे क्षेत्र के बगल में नेपाल में विराटनगर है । उसके आस-पास दस मेडिकल कॉलेजेज हैं ।

महोदय, वर्ष 2011 में जिन बच्चों ने एडमिशन ली, उन्हें फेल कर दिया गया ।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप अपनी मांग रख दें ।

श्री प्रदीप कुमार सिंह : महोदय, मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि भारत सरकार के विदेश मंत्री वहां बात करें क्योंकि वहां हमारे बच्चों के साथ नाइंसाफी होती है ।

*m02

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप मुझसे व्यक्तिगत रूप से मिल लेना । मैं विदेश मंत्री जी से बात करवा दूंगा ।